अब तक हुईं तीन ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को मिली अपार सफलता, 3.40 लाख लोगों को नए उद्योगों से मिला रोजगार

यूपी में अब तक दो लाख करोड़ से लगभग दो हजार नए उद्योग लगे

GROUND BREAKING CEREMONY @4.0
19 FEB 2024 • LUCKNOW
ACCELERATION FOR NATION

■ अजित खरे

लखनऊ। यूपी में तीन ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के जरिए 200758.05 करोड़ के 1953 से ज्यादा उद्योग लग चुके हैं। इनमें 843 उद्योगों में तो बकायदा व्यवसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। जबकि 910 प्रोजेक्ट भी लगभग लग चुके हैं और आने वाले वक्त में इनमें उत्पादन चालू हो जाएगा। साल 2018 अगस्त से 2023 दिसंबर तक यह निजी पूंजी निवेश यूपी की जमीन पर उतर चुका है।

अब सबकी निगाहें सोमवार से शुरू हो रही चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पर हैं। जिसमें दस लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के उद्योग कारोबार के प्रोजेक्ट लगाने की तैयारी है। इनके जरिए योगी सरकार ने 34 लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलने का अनुमान लगाया है। राज्य में पांच साल में अब तक कितना पूंजी निवेश हुआ और किन किन कंपनियों ने राज्य में उद्योग लगाए हैं, इसका पूरा ब्योरा हाल में सरकार ने सदन के पटल पर रखा।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी से होने वाली चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

पिछली तीन ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हुए निवेश का लेखाजोखा (राशि करोड़ में)

जीबीसी	कुल प्रोजेक्टस		उत्पादन शुरू		प्रोजेक्ट तैयार	
	प्रोजेक्टस	कुल निवेश	प्रोजेक्टस	कुल निवेश	प्रोजेक्टस	कुल निवेश
पहली 2018	81	61791.57	66	42580.88	09	14606.26
दूसरी 2019	290	67202.35	257	54902.60	15	6147.88
तीसरी 2022	1406	80224.00	536	33442.06	886	49082.37
कुल	1777	209217.92	843	130925.54	910	69832.51

रामनगरी अयोध्या में 10155 करोड़ निवेश

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए अयोध्या में 10155.79 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावित हैं। पर्यटन के क्षेत्र में यहां 3129 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यहां सर्वाधिक तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप की तरफ से किए जाने की तैयारी है।

अयोध्या में शुरू होने वाले टॉप 10 प्रोजेक्ट

प्रोजेक्ट	निवेश	रोजगार
द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा	3000 करोड़	100
पक्का लिमिटेड	550 करोड़	600
क्रिसेंडो इंटीरियर्स	500 करोड़	100
महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय	480 करोड़	480
अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड	250 करोड़	200
भारद्वाज ग्लोबल इंफ्रावेंचर्स प्रा.लि. (ताज ग्रुप होटल)	176.26 करोड़	100
सिबॉन टेक्नोलॉजिस लिमिटेड यूके	175 करोड़	50
श्रीराम कृपा होटल्स प्रा. लि. (मैरियट ग्रुप)	155 करोड़	150
पनास ड्रीम वलड एलएलपी	143 करोड़	178
पीईसीएस इंफ्रा प्रा. लि.	107 करोड़	50

मुख्यमंत्री योगी ने लिया तैयारियों का जायजा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंच कर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 की तैयारियों को जायजा लिया। सीएम योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण किया। 19-21 फरवरी को होने वाली इस चौथी

03 हजार से अधिक मेहमान आएंगे

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है।

इंदिरा प्रतिष्ठान में नए इनोवेशन के जरिए 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दर्शाया जा रहा है। इसके तहत स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए जा रहे हैं।

काशी, अयोध्या, मथुरा में उद्यमी करेंगे भरपूर निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भी पर्यटन क्षेत्र में निवेश की दृष्टि से अयोध्या, काशी और मथुरा शीर्ष पर हैं। इस मामले में बाबा विश्वनाथ की नगरी बम-बम है, वहीं अयोध्या धाम भी निवेशकों के आकर्षण का केंद्र बनकर उभरा है। कान्हा की नगरी भी निवेश का बड़ा केंद्र बनने जा रही है। हापुड़ और लखनऊ इस मामले में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पर्यटन विभाग ने 37,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य के मुकाबले 34,200.47 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव तैयार कर लिए। इसमें सबसे ज्यादा निवेश वाराणसी में 6,740 करोड़ है। वाराणसी में कुल 35 प्रोजेक्ट हैं।

काशी में आठ करोड़ से अधिक पर्यटक आए

वर्ष 2023 में अयोध्या में लगभग 05.76 करोड़ और काशी में लगभग 08.55 करोड़ लोगों ने भ्रमण किया। नतीजतन व्यवसायियों की आमदनी में गुणात्मक रूप से वृद्धि हुई है।

इसी तरह अयोध्या में 4,812 करोड़ का निवेश है। इसमें कुल 146 प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसमें सर्वाधिक निवेश होटल इंडस्ट्री में आया है। वहीं मथुरा में 3,598 करोड़ के 81 प्रोजेक्ट हैं, जिसमें होटल से लेकर वेलनेस सेंटर, कन्वेंशन सेंटर आदि के प्रोजेक्ट शामिल हैं।